नव संकल्प शिक्षण संस्थान, जिला –जशपुर (छ0ग0)

क्र/ 391/न.संसेशिस/2026 जशपुर दिनांक 03/11/2026

——::सूचना::——

जिला प्रशासन जशपुर के द्वारा डी.एम.एफ. मद के अन्तर्गत संचालित नव संकल्प शिक्षण संस्थान में जिले के अभ्यर्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं (राज्य सिविल सेवा,कर्मचारी चयन आयोग,एस.एस.सी.जीडी एवं अन्य)की तैयारी कराने हेतु एक प्रशिक्षक की आवश्यकता है।

इच्छुक एवं पात्र उम्मीदवारों का walk in Interview पद नाम के सम्मुख दर्शित तिथि को आयोजित किया जावेगा । इच्छुक एवं पात्र आर्हताधारी अभ्यर्थी निर्धारित एवं वांछित दस्तावेजों के साथ निर्धारित दिनांक को कार्यालयीन समय प्रातः 11.00 बजे कार्यालय, नवसंकल्प शिक्षण संस्थान मे उपस्थित होवें। रिक्त पद का विवरण निम्नानुसार है :–

क्र	पद का विषय	पद की संख्या	Walk in interview दिनांक
01	समान्य अध्ययन	01	12/ 11/ /2026

अनिवार्य अर्हता :–

1. अभ्यर्थी को स्नात्तक परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है
2. प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थानो में न्यूनतम 05 वर्ष अध्यापन कार्य का अनुभव अनिवार्य हैं।
3. कक्षा तकनीकी सहयोग (Class Technical support) अभ्यर्थी को कक्षा संचालन,डिजिटल शिक्षण सामग्री के निर्माण एवं उपयोग,ऑनलाइन तथा ऑफलाइन शिक्षण तकनीकियों के प्रभावी संचालन और विद्यार्थियों की शैक्षणिक समस्याओं के निराकरण में दक्ष होना अनिवार्य होगा।
4. प्रश्न निर्माण एवं परीक्षा उन्मुख शिक्षण (Question framing -prelims + mains) अभ्यर्थी को प्रतियोगी परीक्षाओं के निर्धारित पाठयक्रम एवं प्रचलित परीक्षा पद्धति के अनुरूप प्रारंभिक परीक्षा हेतु वस्तुनिष्ठ प्रश्न तथा मुख्य परीक्षा हेतु विश्लेषणात्मक,तथ्यात्मक एवं वर्णनात्मक प्रश्नों के निर्माण में दक्षता एवं अनुभव होना आवश्यक होगा ।
5. एकीकृत परीक्षा तैयारी (Integrated prelims + mains preparation) अभ्यर्थी को प्रारंभिक एवं मुख्य परीक्षा की तैयारी को समन्वित रूप से संचालित करने, गुणवत्तापूर्ण अध्ययन सामग्री तैयार करने तथा विद्यार्थियों को उत्तर लेखन,परीक्षा रणनीति एवं समय प्रबंधन संबंधी मार्गदर्शन प्रदान करने में सक्षम होना अनिवार्य होगा।
6. शैक्षणिक मार्गदर्शन एवं मेंटरशिप (Academic mentorship) अभ्यर्थी को विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति का नियमित मूल्यांकन करने, उनकी व्यक्तिगत अध्ययन संबंधी समस्याओं का समाधान करने तथा लक्ष्य निर्धारण अध्ययन अनुशासन, परीक्षा रणनीति एवं आत्मविश्वास विकास हेतु प्रभावी मार्गदर्शन प्रदान करन में दक्ष होना आवश्यक होगा ।
7. शैक्षणिक गुणवत्ता एवं उत्तरदायित्वः अभ्यर्थी संस्थान द्वारा निर्धारित शैक्षणिक मानकों,शिक्षण कार्ययोजना एवं मूल्यांकन प्रणाली का पालन करने तथा विद्याथियों के सर्वांगीण शैक्षणिक विकास हेतु उत्तरदायी होगा।

नियम एवं शर्तेः–

1. walk in Interview के समय आवेदन पत्र से साथ संलग्न किये जाने वाले समस्त अंक सूची एवं अन्य दस्तावेज स्वयं के द्वारा सत्यापित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
2. walk in Interview हेतु आवेदनों का पंजीयन निधार्रित तिथि को प्रातः 10.00 बजे से 11.00 बजे तक किया जावेगा। निर्धारित समय के पश्चात पंजीयन हेतु आवेदन मान्य नहीं किया जावेगा।
3. चयन समिति द्वारा निर्धारित प्रक्रिया ही मान्य किये जायेंगे।

4. साक्षात्कार तिथि के पूर्व अर्जित की गई शैक्षणिक एवं अन्य व्यवसायिक योग्यताएं तथा अन्य जारी प्रमाण पात्र ही मान्य होंगं।
5. निर्धारित प्रारूप में आवेदन जमा करना अनिवार्य होगा अन्यथा आवेदन निरस्त कर दिया जावेगा।
6. अपूर्ण /अस्पष्ट एवं त्रूटिपूर्ण आवेदन पत्र निरस्त कर दिया जावेगा, जिसकी जानकारी संबंधित को प्थक से नहीं दी जावेगी।
7. एकमुस्त मानदेय 60000/– वेतन देय होगा। किसी प्रकार का अन्य भत्ता प्रदान नहीं किया जायेगा।
8. यह नियुक्ति जिला प्रशासन के निर्णय से किसी भी समय निरस्त किया जा सकेगा।
9. रिक्त पदों की संख्या घट–बढ़ एवं विलोपित हो सकती है। इसके लिए समिति का निर्णय अंतिम होगा।
10. विज्ञापन एवं आवेदन पत्र (निर्धारित आवेदन प्रारूप ही मान्य होगा) का विस्तृत प्रारूप तथा नियम –शर्तें जशपुर जिले के **वेबसाईट** www.jashpur.nic.in नव संकल्प शिक्षण संस्थान जशपुर के सूचना पटल एवं रोजगार कार्यालय के सूचना पटल पर देखा जा सकता है। अंतिम चयन सूची जिले के वेबसाईट पर अपलोड की जावेगी।
11. भर्ती की प्रक्रिया के दौरान होने वाले किसी भी विवाद एवं समस्या की स्थिति में अंतिम निर्णय लेने का सर्वाधिकार चयन समिति को होगा।

प्राचार्य
नव संकल्प शिक्षण
संस्थान जशपुर (छ.ग.)

// आवेदन पत्र का प्रारूप//

1. आवेदित पद का नाम :–.....
   आवेदक का नाम (हिन्दी में) :–.....
   अंग्रेजी के कैपिटल अक्षर में) :–.....
2. पिता/पति का नाम(हिन्दी में) :–.....
   अंग्रेजी के कैपिटल अक्षर में) :–.....
3. जन्म तिथि अंकों में :–.....
   शब्दों में :–.....
4. लिंग– पुरूष/महिला/अन्य :–.....
5. विवाहित/अविवाहित :–.....
6. आयु दिनांक 01.01.2026 की स्थिति में:–.....वर्ष.....माह.....दिन
7. छत्तीसगढ़ के मूल निवास का विवरण :– जिला.....तहसील.....ग्राम.....
   (सक्षम अधिकारी के द्वारा जारी निवास प्रमाण पत्र संलग्न करें)
8. अनु.ज.जाति./अनु.जा./अ.पि.वर्ग./सामान्य
   (अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.वर्ग. की स्थिति में सक्षम अधिकारी के द्वारा जारी प्रमाण–पत्र संलग्न करें।)
9. रोजगार कार्यालय का नाम एवं जीवित पंजीयन क्रमांक तथा नवीनीकरण की तिथि :–.....
10. शैक्षणिक /व्यवसायिक योग्यता क विवरण , जो कि अनिवार्य अर्हता में चाहा गया हैं –

क्र	परीक्षा का नाम	उत्तीर्ण होने का वर्ष	मान्यता प्राप्त बोर्ड /विश्वविद्यालय का नाम	विषय	पूर्णांक	प्राप्तांक	प्रतिशत	अध्ययन का माध्यम
1	10 वी							
2	12 वी							
3	स्नातक							
4	स्नातकोतर							
5	डी.एड./डी.एल.एड.							
6	बी.एड.							
7	अन्य योग्यताएं							

टीप:– आवेदक द्वारा दिये गये अनुभव की जांच कराई जायेगी, जांच में किसी भी प्रकार से गलत /भ्रामक जानकारी प्राप्त होने की स्थिति में आवेदक का आवेदन पत्र हेतु अमान्य किया जावेगा । तथा वैधानिक कार्यवाही की जावेगी ।
अतः– असत्य जानकारी न दी जावे।

11. पत्र व्यवहार का पता

आवेदक का हस्ताक्षर
:–.....
:–.....
मोबाईल नं./व्हाट्सएप नं.....
जिला का नाम.....पिन.....

12. संलग्न प्रमाण पत्रों की सूची:–
    1. शैक्षणिक योग्यता अंतर्गत 10वी/12वी/स्नात्तक/स्नातकोत्तर परीक्षा के अंक सूची की छायाप्रति।
    2. व्यवसायिक एवं अन्य योग्यताओं के परीक्षाओं के अंकसूची की छायाप्रति ।
    3. अनुभव प्रमाण पत्र (समक्ष अधिकारी द्वारा जारी)
    4. जाति प्रमाण पत्र की छायाप्रति ।

प्रमाण पत्र

मै घोषणा करता/करती हूं कि मेरे द्वारा दी गई उपरोक्त आवेदन पत्र में विंदु क्र. 01 से 11 तक में दी गई सम्पूर्ण जानकारी पूर्णतः सत्य है एवं में आवेदित पद हेतु निधारित अर्हता / योग्यता रखता/रखती हूं मेरे द्वारा दी गई जानकारी असत्य पाये जाने की दशा में मेरा आवेदन पत्र/नियुक्ति निरस्त की जा सकती है तथा मेरे विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा सकेगी। मैने यह आवेदन पत्र सम्पूर्ण विज्ञापन को पढ़कर एवं समझ कर भरा है।

दिनांक :–.....

स्थान :–.....

आवेदक का हस्ताक्षर
एवं पूर्ण स्थाई पता